**भारत सरकार**
**महिला एवं बाल विकास मंत्रालय**

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या 3405**

दिनांक 08 अगस्त, 2025 को उत्तर के लिए

## कर्नाटक में निधि वितरण में विलंब

**3405**. **डॉ. के. सुधाकरः**

क्या **महिला और बाल विकास मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने कर्नाटक में महिलाओं और बच्चों के कल्याण के लिए निधि संवितरण में लंबा विलंब पाया है और यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या कर्नाटक में महिलाओं और बच्चों के कल्याण के लिए कार्यान्वित की जा रही योजनाओं के संबंध में कोई कुप्रबंधन देखा गया है और यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार के पास कर्नाटक में अपने स्वयं के भवनों से संचालित होने वाले आंगनवाड़ी केंद्रों की कुल संख्या के संबंध में आंकड़े हैं और यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या इन आंगनवाड़ी केंद्रों का संरचनात्मक और कार्यात्मक विश्लेषण किया गया है और यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं; और

(ङ) कर्नाटक में कुल कितने आंगनवाड़ी केंद्रों में पर्याप्त बुनियादी सुविधाएँ हैं तथा क्या खराब बुनियादी ढाँचे का बच्चों के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य से कोई संबंध है?

**उत्तर**

**महिला एवं बाल विकास राज्य मंत्री**
**(श्रीमती सावित्री ठाकुर)**

**(क)** और **(ख)** केंद्र सरकार मिशन सक्षम आंगनवाड़ी, पोषण 2.0, मिशन शक्ति एवं मिशन वात्सल्य जैसी केंद्र प्रायोजित योजनाओं के लिए निधि तब जारी करती है जब राज्य/संघ राज्य क्षेत्र वित्त मंत्रालय के व्यय विभाग द्वारा निर्धारित एकल नोडल एजेंसी (एसएनए)

मानदंडों का अनुपालन करता है, अर्थात (i) राज्य को पहले जारी की गई निधि का 75% से अधिक व्यय करना चाहिए; (ii) राज्य के एसएनए खाते में अप्रयुक्त शेष एक तिमाही के अनुदान के आधे से कम होना चाहिए, (iii) राज्य को जारी किए गए केंद्रीय हिस्से से अर्जित ब्याज जमा करना चाहिए और (iv) राज्य के खजाने से एसएनए को निधि के अंतरण में कोई कमी नहीं होनी चाहिए। इसके अतिरिक्त, पिछले वित्तीय वर्ष के दौरान राज्य के पास उपलब्ध अप्रयुक्त शेष/राज्य द्वारा किए गए अतिरिक्त व्यय को समायोजित करने के बाद वित्तीय वर्ष में वास्तविक निधि जारी की जाती है।

इसके अतिरिक्त, योजना के प्रभावी कार्यान्वयन के लिए राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को समय पर निधि का संवितरण सुनिश्चित करने के लिए सरकार ने निधि जारी करने के लिए एसएनए स्पर्श मॉडल 'जस्ट-इन-टाइम' शुरू किया है जिसका उद्देश्य वित्तीय प्रबंधन प्रणाली की दक्षता में सुधार करना है। सभी राज्यों और विधानमंडल वाले संघ राज्य क्षेत्रों को चरणबद्ध तरीके से एसएनए स्पर्श मॉडल के अंतर्गत शामिल किया गया है। सरकार द्वारा क्रियान्वित नया मॉडल आवश्यकतानुसार व्यय बिल तैयार करने की सुविधा है, जिससे केन्द्र और राज्य खातों से समय पर और केवल आवश्यकता आधारित निधि प्रवाह सुगम हो जाता है।

**(ग)** से **(ङ)** पोषण ट्रैकर डेटा के अनुसार, सरकारी भवनों में संचालित आंगनवाड़ी केंद्रों सहित कर्नाटक में आंगनवाड़ी केंद्रों की कुल संख्या का ब्यौरा इस प्रकार है:

| **आंगनवाड़ी केंद्रों की कुल संख्या** | **स्वयं के भवन में आंगनवाड़ी केंद्र** |
|---|---|
| 69922 | 47693 |

पोषण ट्रैकर डेटा के अनुसार कर्नाटक में आंगनवाड़ी केंद्रों में बुनियादी ढांचा सुविधाएं :

| **स्थायी बिजली कनेक्शन** | **सौर ऊर्जा से संचालित विद्युत कनेक्शन** | **आंगनवाड़ी केंद्र में पाइप से पानी का कनेक्शन** | **पेयजल कनेक्शन** | **कार्यात्मक शौचालय** | **कार्यात्मक रसोई** |
|---|---|---|---|---|---|
| 64229 | 4340 | 55844 | 64305 | 65538 | 64760 |

*****